भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 452
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन और परिवहन क्षेत्र में जायरोकॉप्टर का प्रभाव और प्रचार

452 श्री संजय राउत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार पर्यटन विकास पर जायरोकॉप्टर के प्रभाव को किस प्रकार देखती है, विशेष रूप से हिमालय जैसे दूरदराज के क्षेत्रों में, जहां पारंपरिक परिवहन साधनों के माध्यम से पहुंचना मुश्किल है;

(ख) क्या इन क्षेत्रों में जायरोकॉप्टर की शुरूआत से पर्यटन, परिवहन और आपातकालीन सेवाओं जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय समुदायों को लाभ होगा;

(ग) सरकार स्थानीय आबादी और पर्यटकों के लिए जायरोकॉप्टर सेवाओं की लागत और वहनीयता से संबंधित चिंताओं का किस प्रकार समाधान करेगी, ताकि इन दोनों की जायरोकॉप्टर तक पहुंच सुनिश्चित हो सके; और

(घ) क्या सरकार की देश में जायरोकॉप्टर प्रौद्योगिकी के विकास और व्यावसायीकरण में सहायता प्रदान करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की संभावनाएँ तलाश करने की योजना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन में जायरोकॉप्टर के उपयोग के लिए कोई अलग से नीति तैयार नहीं की है और इस संबंध में कोई अध्ययन भी नहीं किया है।

****